यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जीता बीएमएल मुंजाल का बिज़नेस एक्सीलेन्स थ्रू लर्निंग एंड डेवलपमेंट पुरस्कार

नई दिल्ली -13 सितंबर, :2022 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, स्टाफ कॉलेज बेंगलूरु को आज हयात रेजीडेंसी, नई दिल्ली में आयोजित एक शानदार समारोह में बीएमएल मुंजाल पुरस्कार के 16वें संस्करण में सार्वजनिक क्षेत्र की श्रेणी के तहत"बिज़नेस एक्सीलेन्स थ्रू लर्निंग एंड डेवलपमेंट" पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया .

मानव संसाधन की गुणवत्ता के लिए विशिष्ट संगठनों को सम्मानित एवं पहचान प्रदान करने हेतु "बिज़नेस एक्सीलेन्स थ्रू लर्निंग एंड डेवलपमेंट" बीएमएल मुंजाल पुरस्कार दिया जाता है .

भारत के माननीय उपराष्ट्रपति, श्री जगदीप धनखड़ द्वारा यह प्रतिष्ठित पुरस्कार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सुश्री बीना वाहिद, क्षेत्र महाप्रबंधक , दिल्ली और श्री हृषिकेश मिश्रा, उप महाप्रबंधक और प्राचार्य, स्टाफ कॉलेज, बेंगलूरु को दिया गया .